आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-93 कटनी ● गुरुवार, 6 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख कृष्ण पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## केरल में भी लॉकडाउन



**तिरूअनंतपुरम।** केरल में कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों के बाद मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने पूरे प्रदेश में लॉकडाउन का ऐलान किया है। ये लॉकडाउन 8 मई को सुबह 6 बजे से 16 मई तक के लिए लागू रहेगा। केरल में बुधवार को कोविड-19 के रिकॉर्ड नए 41,953 मामले आए थे। जिसके बाद मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने स्थिति को गंभीर करार देते हुए कड़े कदम उठाने की बात कही थी।

# 4 लाख से ज्यादा नए केस

# कहां जाकर ठहरेगा यह खौफनाक आंकड़ा



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर की खतरनाक रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। कोरोना मरीजों और कोविड से होने वाली मौतों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी से दहशत का माहौल है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए ज्यादातर राज्यों में पाबंदियां लागू हैं। इसके बावजूद कोरोना संक्रमण के मामलों में मामूली गिरावट के बाद गुरुवार को एक बार फिर रिकॉर्ड 4.12 लाख से ज्यादा नए मरीज मिले हैं और 3,982 की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। देश में महामारी के दस्तक देने से लेकर अब तक का नए कोरोना मरीजों यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। देश में दूसरी बार संक्रमण के मामले चार लाख से ऊपर गए हैं। इससे पहले 30 अप्रैल को 4,02,351 मामले सामने आए थे। लगातार बढ़ते कोरोना मरीजों की वजह से देश भर के अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर, रेमडेसिविर और ऑक्सीजन की किल्लत जारी है। सैकड़ों लोग बिना इलाज के ही दम तोड़ रहे हैं। शवों के अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाटों पर कई कई घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। देश में पिछले 24 घंटों में 3,29,113 कोरोना को मात देकर अपने घर लौट गए हैं। इसके साथ ही देश में अब तक 1,72,80,844 लोग कोरोना से जिंदगी की जंग जीत चुके हैं। रोजाना के आधार पर दर्ज होने वाले नए कोरोना केसों की तुलना में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या कम है। फिलहाल, देश में सक्रिय मामले बढ़कर 35,66,398 पहुंच गए हैं।

### मृतकों की संख्या 23 लाख के पार

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में रिकॉर्ड 4,12,262 नए कोरोना मरीज मिल हैं। इसके साथ ही देश में संक्रमित मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 2,10,77,410 हो गई है। वहीं बीते 24 घंटों में 3,980 लोगों की कोरोना से जान चली गई। इसके साथ कोविड से मरने वालों की संख्या 23,01,68 पहुंच गई। सक्रिय मामले बढ़कर 35,66,398 पहुंच गए हैं। सक्रिय मामलों की संख्या अमेरिका के बाद सबसे अधिक भारत में है।

### महाराष्ट्र में 57 हजार से अधिक मामले

महाराष्ट्र में कोरोना का कहर लगातार जारी है। सूबे में संक्रमण के मामले और कोरोना से होने वाली मौत के आंकड़े थमते नजर नहीं आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार राज्य में बीते 24 घंटे में कोरोना के 57,640 मामले सामने आए हैं और 920 लोगों की जान चली गई। वहीं राजधानी मुंबई की बात करें तो यहां बीते 24 घंटे में कोरोना के 3,879 मामले सामने आए और 77 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 3,686 लोग स्वस्थ भी हुए।

### भोपाल में 117 का अंतिम संस्कार

भोपाल विश्राम घाटों से प्राप्त आंकडों के अनुसार शहर में बुधवार को 117 संक्रमित देह का अंतिम संस्कार हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा 55 संक्रमित देह का अंतिम संस्कार भदभदा विश्राम घाट में हुआ है। इसमें से 33 भोपाल व 22 अन्य जिलों की देह थी। वहीं सुभाष नगर में 43, बैरागढ में 15 संक्रमित देह का अंतिम संस्कार हुआ। झदा कब्रस्तान में चार को सुपुर्द ए खाक किया गया है।

### कर्नाटक में 50 हजार से अधिक मामले

कर्नाटक में बुधवार को पहली बार कोरोना संक्रमण के 50 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। राजधानी बंगलूरू में ही 23 हजार से ज्यादा मरीज दर्ज किए गए हैं। राज्य में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 50,112 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा इसी अवधि में 26,841 मरीज ठीक हुए हैं और 346 लोगों की मौत हुई है। राज्य में अब कुल मामलों की संख्या 17 लाख 41 हजार 46 है। चार लाख 87 हजार 288 सक्रिय मामले हैं।

## शर्मनाकः टोकरी नहीं गरीब के पेट पर लात



फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा में कोरोना निर्देशों का पालन करवाने के दौरान हंगामा उस समय हो गया जब सिटी थाने के इंस्पेक्टर नवदीप सिंह ने गली में सब्जी बेच रहे एक वेंडर की रेहड़ी से पहले तराजू उठा लिया फिर बाद में उसकी सब्जी गिरा दी और लात मार-मार कर नष्ट कर दी। मामले का वीडियो वायरल होने पर डीजीपी दिनकर गुप्ता और कपूरथला एसएसपी कंवरदीप कौर ने सख्त नोटिस लेते इंस्पेक्टर नवदीप सिंह को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया और विभागीय जांच का आदेश दिया।

# 6 माह बाद आ सकती है कोरोना की तीसरी लहर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के. विजय राघवन ने चेताया है कि आने वाले 6-7 माह को कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर भी आ सकती है और जनता को अभी से इसके प्रति सतर्क हो जाना चाहिए। वैज्ञानिक राघवन का कहना है कि कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर जरूर आएगी और इसे किसी भी हालात में रोका नहीं जा सकता है। केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के विजय राघवन का कहना है कि सार्स-सीओवी2 पहले से और अधिक म्यूटेंट हो रहा है इसलिए कोरोना संक्रमण की लहरों के लिए तैयार रहना चाहिए। देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर की तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं जताया गया था। के. विजय राघवन ने कहा कि कम ऐहतियाती उपाय, पहली लहर से आबादी में कम प्रतिरक्षा के चलते दूसरी लहर अधिक तीव्र हो रही है



और इससे अभी तक देश में हजारों लोगों की जान जा चुकी है। और लाखों लोग संक्रमित हुए हैं। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने कहा कि जब कोरोना वैक्सिनेशन बढ़ेगा तो वायरस लोगों को संक्रमित करने के नए तरीके ढूंढेगा, जिसके लिए हमें अभी से तैयार रहना चाहिए। वायरस अपना रूप बदलता रहता है, इसलिए हमें वैक्सीन और दूसरे पहलुओं पर रणनीति बदलती रहनी होगी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर फैलने के कई कारण है, जिसमें कोरोना के नए वेरिएंट भी एक फैक्टर है।

### मौजूदा वैरिएंट के खिलाफ सफल है वैक्सीन

वैज्ञानिक के विजय. राघवन के अनुसार वैक्सीन कोरोना के मौजूदा वैरिएंट के खिलाफ सफल है। वैक्सीन लगने के साथ ही भारत सहित दुनिया से सभी देशों में कोरोना के नए वैरिएंट सामने आते रहेंगे। ऐसे में वैज्ञानिक इन अलग-अलग किस्मों के कोरोना स्ट्रैन से मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं। जिस तरह से यह वायरस बढ़ रहा है, उसे देखते हुए तीसरी लहर जरूर आएगी।

## लॉकडाउन के विरोध में आए किसान संगठन

**चंडीगढ़।** पंजाब के 32 किसान संगठनों ने फैसला लिया है कि लॉकडाउन के विरोध में 8 मई को पूरे पंजाब में बाजार खोले जाएंगे। किसानों ने व्यापारियों व आमजन का आह्वान किया है कि वे आठ मई को पहले की तरह बाजार खोलने के साथ ही काम करें। किसान संगठनों के नेताओं ने कहा कि सरकार लॉकडाउन के नाम पर आम आदमी को बर्बाद करना चाहती है और उसकी इस मंशा को किसान पूरा नहीं होने देंगे। इसके साथ ही 10 व 12 मई को एक बार फिर से दिल्ली बॉर्डर के धरनास्थलों पर किसानों की भीड़ जुटेगी।

## क्विक अपडेट



### पांच राज्यों में कांग्रेस के प्रदर्शन पर भड़के सिब्बल

**नई दिल्ली।** देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव परिणाम आने के कुछ दिनों बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल अपनी ही पार्टी पर भड़क गए। सिब्बल ने कांग्रेस पार्टी को नसीहत देते हुए कहा कि पार्टी को बंगाल में एक भी सीट नहीं मिली। असम और केरल में भी पार्टी विफल रही। पुडुचेरी भी कांग्रेस के हाथ से निकल गया, ऐसे में पार्टी को अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

### सरकार ने दी IDBI बैंक को बेचने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने इस साल के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी चुनिंदा निवेशक को बेचने और उसे बैंक का प्रबंध सौंपने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। आईडीबीआई बैंक में केंद्र सरकार और एलआईसी की कुल हिस्सेदारी 94 फीसदी से ज्यादा है। इसके बाद आज आईडीबीआई बैंक के शेयर में जोरदार तेजी देखी जा रही है।

### एमपी के बाघ सुरक्षित

**भोपाल।** राजधानी भोपाल स्थित वन विहार को हाई अलर्ट कर दिया गया है। साथ ही प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व, सैंक्चुरी और चिड़ियाघरों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। भोपाल के वन विहार में अब वन्य प्राणियों के कमरों को अब हर दिन सैनेटाइज किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- हालात बिगड़े तो क्या है प्लान?

**दिल्ली का दम घोटती ऑक्सीजन पर सुनवाई**



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का कहर जारी है। लगातार बढ़ते मरीजों के चलते देश में ऑक्सीजन के लिए हाहाकार मचा हुआ है। वहीं देश की राजधानी दिल्ली में जारी ऑक्सीजन संकट पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना की तीसरी लहर की खबरों पर चिंता जताई। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि अगर हालात और बिगड़े तो आपके पास प्लान क्या है? जस्टिस चंद्रचूड़ ने कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिंता जताई। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से सवाल किए कि क्या अस्पतालों के पास ऑक्सीजन स्टोर करने की क्षमता है? उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन सप्लाई में कहां दिक्कत आ रही है, अगर स्टॉक रहेगा, तो पैनिक नहीं होगा। उन्होंने पूछा कि अगर कल को मामले बढ़ते हैं, तो आप क्या करेंगे? अभी सप्लाई टैंकर्स पर निर्भर है, कल को टैंकर्स नहीं होंगे, तो क्या करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को फटकार लगाते हुए कहा कि तीसरी लहर का खतरा मंडरा रहा है। फिर भी हम अभी इसी पर अटके हैं कि क्या होना चाहिए। रिपोर्ट कहती हैं कि तीसरी लहर में बच्चों पर भी असर होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तीसरी लहर से कैसे निपटना है, इसकी तैयारी अभी से करनी होगी।



### अलविदा अजीत सिंह

**नई दिल्ली।** आरएलडी मुखिया चौधरी अजित सिंह का निधन हो गया है। चौधरी अजित सिंह को कोरोना संक्रमण के चलते गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्होंने सुबह छह बजे अंतिम सांस ली। चौधरी अजित सिंह पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सुपुत्र थे और केंद्रीय मंत्री रहे थे। वहीं आसाराम को भी कोरोना हो गया जिसे आईसीयू में भर्ती करवाया गया है।

## UAE में हो सकता शेष आईपीएल




**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण आईपीएल टूर्नामेंट प्रभावित हुआ है और बीच में ही टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया है। फिलहाल आईपीएल-2021 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है, लेकिन अब ऐसी भी संभावनाएं जताई जा रही है कि आईपीएल-2021 के शेष मैच अब यूएई में हो सकते हैं। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की प्राथमिकता है कि आईपीएल के सभी भागीदारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि आईपीएल के शेष मैच आयोजित कराने के विकल्प खोज रहे हैं, जिसमें सितंबर महीने में आयोजित किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि आईपीएल-2021 सीजन 29 मैच के बाद स्थगित हुआ। गौरतलब है कि अगर मैच फिर से आयोजित होते हैं तो फिर 31 मुकाबले होंगे। बहरहाल, सितंबर में तारीख के अलावा प्रतियोगिता कहां आयोजित कराई जाएगी, ये भी चिंता का विषय रहेगा। क्रिकबज से से चर्चा करते हुए चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने कहा कि आईपीएल-2021 को आयोजित कराने के लिए संभावित विंडो खोजने में संबंधित पार्टियां जुटी हुई हैं। अगर हमें एक विंडो मिलती है, तो हम इसे हासिल करने की कोशिश करेंगे। हमें देखना होगा कि क्या सितंबर में इसे आयोजित कराने की संभावनाएं हैं। ICC और अन्य बोर्ड की योजनाओं की जांच करने की जरूरत है।

## मालिक की लापरवाही कुत्ते को भी जेल की सैर



**इंदौर।** कोरोना वायरस के कहर को देखते हुए देश भर में पाबंदियां लागू हैं। कोरोना प्रभावित राज्यों में लोगों के घर से निकलने पर रोक है, लेकिन इसके बावजूद लोग लापरवाही करना नहीं छोड़ र हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर में कोरोना कर्फ्यू के दौरान एक शख्स को अपने कुत्त को बाहर टहलाना भारी पड़ गया। शख्स की इस गलती के चलते बेचारा कुत्ता भी जेल पहुंच गया। पुलिस ने कुत्ते और उसके मालिक को गिरफ्तार कर लिया। इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में कोरोना कर्फ्यू के दौरान एक युवक अपने पालतू कुत्ते के साथ घूम रहा था। पुलिस ने कोरोना नियमों के उल्लंघन करने के मामले में डॉगी और उसके मालिक दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, पलासिया थाना क्षेत्र के मनोरमागंज में पुलिस और अन्य विभागों की टीम कोरोना कर्फ्यू का पालन करवाने के लिहाज से राउंड पर थी। इस दौरान, अलसुबह पुलिस महकमे में डीएसपी रह चुके शख्स के बेटे व रियल स्टेट कारोबारी अनित नड्डा अपने डॉगी जूजू को बाहर टहलाने निकले थे उल्लंघन मामले में न सिर्फ अनित नड्डा को गिरफ्तार किया बल्कि डॉगी जूजू को भी गिरफ्तार कर लिया।

## 36 जिलों में हर भीड़ के बीच वायरस

**एमपी में खतरे के निशान से ऊपर संक्रमण की दर, 2.5% से ज्यादा नहीं होनी चाहिए**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित पूरी सरकार लगातार यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि मध्य प्रदेश में कोरोनावायरस का संक्रमण कम हो रहा है परंतु ध्यान देने की जरूरत है कि यह अब भी खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है। संक्रमण की दर 2.5% से ज्यादा नहीं होनी चाहिए जबकि आज की सरकारी रिपोर्ट में 18.5% है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि मध्य प्रदेश के 36 जिलों में पिछले 24 घंटों में 10 हजार से ज्यादा नागरिक संक्रमित मिले हैं। यानी इन इलाकों में हर भीड़ के बीच वायरस मौजूद है।

### मध्य प्रदेश में सबसे खतरनाक स्थिति वाले जिलों की संख्या 27

इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, सागर, रतलाम, रीवा, बैतूल, धार, विदिशा, सतना, शिवपुरी, नरसिंहपुर, होशंगाबाद, कटनी, शहडोल, सीहोर, रायसेन, मुरैना, सिंगरौली, मंदसौर, नीमच, सीधी, टीकमगढ़, दतिया और निवाड़ी ऐसे जिले हैं जहां कोरोनावायरस से पीड़ित मरीजों की संख्या 1000 से अधिक चल रही है। इंदौर में 12000, भोपाल 11000, ग्वालियर 8000 और जबलपुर 4000 से अधिक के साथ सबसे खतरनाक स्थिति में है। उधीर मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में अस्पताल के हालात इतने अधिक बद से बदतर हो गए कि महिला सब इंसपेक्टर अपने बीमार पति को लेकर जिला अस्पताल पहुंची लेकिन वहां उसे न बेड मिला और न ही ऑक्सीजन। वह अस्पताल में कहती रही कि इन्हें वेंटीलेटर दे दो लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। इलाज के अभाव में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### 7 जिले जहां स्थिति नियंत्रण में है

बुरहानपुर, भिंड, आगर मालवा, अलीराजपुर, खंडवा, हरदा और छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश के ऐसे जिले हैं जहां एक्टिव केस की संख्या 500 से कम है। निश्चित रूप से इन जिलों में कलेक्टर एवं तमाम कोरोना कंट्रोल टीम सफलतापूर्वक काम कर रही है। यह सभी अभिवादन के पात्र हैं।

## गृह मंत्रालय की चार सदस्यीय टीम पहुंची बंगाल, हिंसा के मामलों की करेगी जांच



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा के कारणों की पड़ताल करने और राज्य में जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए चार सदस्यीय दल का गठन किया है। अधिकारियों ने गुरुवार (6 मई) को बताया कि मंत्रालय के एक अतिरिक्त सचिव के नेतृत्व में दल पश्चिम बंगाल पहुंच चुका है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार (5 मई) को पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने और समय गंवाए बिना ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा था। मंत्रालय ने राज्य सरकार को चेतावनी दी थी कि यदि राज्य सरकार ऐसा करने में विफल होती है तो मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनाव बाद हुई हिंसा में मंगलवार तक कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस समर्थित गुंडों ने पार्टी के कार्यकर्ताओं की हत्या की। महिला सदस्यों पर हमले किए। उनके घरों में तोड़फोड़ की। दुकानों को लूट लिया और कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया।




## दुनिया के सामने आई काबा के काले पत्थर की तस्वीरें



**वेब डेस्क।** सऊदी अरब सरकार ने पहली बार मुस्लिमों के पवित्र धर्मस्थल मक्का के प्राचीन काले पत्थरों की तस्वीरें दुनिया के सामने पेश की हैं। सऊदी अरब की शाही मस्जिद और पैगंबर मस्जिद की तरफ से ये तस्वीरें जारी की गई हैं। अल-हजर अल-असवाद या काले पत्थर की ये तस्वीरें 49 हजार मेगापिक्सल की हैं। इन्हें खींचने और बनाने में 50 घंटे लगे। अकेले पत्थर की फोटो खींचने में ही 7 घंटे लग गए। इस दौरान कुल 1050 फोटो लिए गए। सभी फोटो 160 GB के हैं। काबा के इस काले पत्थर की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड की गई थी। यहां आते ही फोटो तेजी से वायरल हो गई। सऊदी अरब में #Blackstone ट्रेंड भी करने लगा। लोगों ने पहली बार इस पत्थर की फोटो देखी और उन्हें जमकर शेयर किया। फॉक्स स्टैक पैनोरमा तकनीक से खींची तस्वीरें सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब के प्राधिकरण ने मीडिया को बताया कि इन फोटो को खींचने के लिए फॉक्स स्टैक पैनोरमा नामक एक विशेष तकनीक का उपयोग किया गया है, इसमें फोटो को शार्प बनाने के लिए अलग-अलग फोकस प्वाइंट के साथ कई तस्वीरें निकाली जाती हैं और उन्हें जोड़ दिया जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के इस्लामिक अध्ययन मामलों के शोधकर्ता अफीफी अल अकीती इस रिसर्च का हिस्सा नहीं थे। उनका इस मामले में कहना है कि यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अप्रत्याशित है। तस्वीरों को देखकर लग रहा है कि यह वास्तव में काला नहीं है।

## सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के ट्विट पर हंगामा



**भोपाल।** सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने पश्चिम बंगाल में हिंसा को लेकर ममता बनर्जी का नाम लिए बगैर आपत्तिजनक ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट में यह भी लिखा है कि शठे शाठ्यम समाचरेत, टिट फार टैट करना ही होगा। राष्ट्रपति शासन और एनआरसी बस यही उपाय हैं। संतो और वीरों की भूमि पर अब तो राम बनना ही होगा। उनके इस ट्वीट की विपक्षी दलों द्वारा आलोचना हो रही है।

कटनी
गुरुवार, 06 मई 2021
यश भारत

# प्रशासनिक अनदेखी के चलते बंद जिले का एकमात्र दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय

## 30 बच्चे थे अध्ययनरत, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा समय पर वेतनमान न दिए जाने से संस्था ने लिया निर्णय

कटनी। कटनी जिले का एकमात्र दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय एवं पुनर्वास केंद्र महाराणा प्रताप वार्ड झिंझरी को संस्था ने हमेशा के लिए बंद करने का निर्णय ले लिया है। इसकी मुख्य वजह प्रशासन व सामाजिक न्याय विभाग की अनदेखी बताई जा रही है। इस मसले में एक माह पूर्व ही लिखित सूचना 27 मार्च को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दे दी गई थी। बावजदू इसके ध्यान नहीं दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलना एवं अन्य कारणों से 30 अप्रैल को बंद कर दिया गया है।



गौरतलब है कि कटनी जिले का एकमात्र जिला दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय संचालित हो रहा था। यह वर्ष 2010 से दृष्टि बाधित छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षण, व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं ब्रेललिपि से दिया जा रहा था। पूरे प्रदेश का ब्रेललिपि पुस्तकों बहुत बड़ा संग्रह है एवं एनआइवीएच देहरादून का ब्रेललिपि एक्सटेंशन काउंटर भी उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि यहां पर 30 बच्चे पढ़ रहे थे, लॉकडाउन में संचालन बंद था लेकिन मानदेय व भवन किराया सामाजिक न्याय विभाग देता था। लगभग 70 हजार रुपये हर माह खर्च आता था। केंद्र में 6 कर्मचारी कार्यरत थे। दो ब्लाइंड के विशेष शिक्षक, एक कुक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, एक व्यवसायिक शिक्षक व एक लेखापाल काम कर रहे हैं। अब ये सभी बेरोजगार हो गए हैं। कटनी जिले में पूर्व में स्वालंबन विद्यालय एवं रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित अन्य दिव्यागों के विद्यालय बंद हो चुके हैं। कटनी जिले में संस्थान को किसी तरह का दान एवं सहायता शहरवासियों से कभी भी सहयोग नहीं मिला। दृष्टि बाधित संस्थान को पूर्व कलेक्टर अशोक सिंह ने सक्रियता के साथ खुलवाया था। जिले के दृष्टि दिव्यांगजनों को शहर से बाहर शिक्षा ग्रहण करने ना जाना पड़े लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण दृष्टि दिव्यांग जनो के हितार्थ समर्पित विद्यालय बंद कर दिया गया।

**पूर्व व वर्तमान प्रभारी अधिकारी सामाजिक न्याय विभाग की सामने आई बेपरवाही**

### विघालय बंद करने की यह वजह

विद्यालय के संचालक आर के रैकवार का तर्क है कि समाज सेवा तो है लेकिन स्वयं के व्यय पर विद्यालय चलाना पड़ता है। आर्थिक सहायता जिले के सामाजिक न्याय विभाग से मिलती थी लेकिन कई परेशानी से मिल पाती है। समय पर मानदेय न मिलने से विद्यालय संचालन में बहुत समस्या हो रही है। विद्यालय दृष्टि दिव्यांग जनों के लिए ब्रेललिपि की पुस्तकें विदेशों से लाखों रूपए में खरीदी गई हैं। अभी भी फरवरी-मार्च का मानदेय नहीं मिला है।

### इनका कहना है

एक माह पहले मुझे चार्ज मिला है। मैने चार्ज लेने से मना कर दिया था। मेरे सिग्नेचर भी डिजटल नहीं हुए थे। दीपक सिंह को समस्या हल करना था, उन्होंने ध्यान नहीं दिया। संस्था के बिल की समस्या है, उसे दूर कर दिया जाएगा। विद्यालय बंद न हो यह पहल की जाएगी।

**-आर एन सिंह,** प्रभारी सामाजिक न्याय विभाग

# जिला स्तर पर जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में समिति गठित

## समिति द्वारा की जाएगी स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की समीक्षा

**कटनी।** जिले में कोविड पॉजीटिव मरीजों को सही उपचार निजी स्वास्थ्य संस्थाओं के सहयोग ही सुनिश्चित कर किया जा सकता है। इसके लिये राज्य स्तर से समय-समय पर निर्देश जारी किये गये हैं। जिसमें आयुष्मान अस्पताल के पात्र हितग्राहियों के लिये बिस्तरों की व्यवस्था, निजी अस्पतालों में इलाज की युक्तियुक्त दरें तथा उसका प्रदर्शन, अस्पतालों में दवाओं तथा ऑक्सीजन की उपलब्धता एवं अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता की जानकारी सार्वजनिक करना इत्यादि सभी पहलुओं का सम्मिलित किया गया है। इस कार्य के क्रियान्वयन को सुनिश्चित किये जाने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जिलास्तर पर समिति का गठन किया गया है। यह समिति अपर कलेक्टर विकास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे की अध्यक्षता में गठित की गई है। इसके साथ ही इस समिति में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप मुढिया, प्रतिनिधि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कटनी डॉ. अशोक चौदहा, अध्यक्ष नर्सिंग होम एसोसिएशन कटनी डॉ. राजेन्द्र गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया गया है। साथ ही खाद्य एवं औषधि निरीक्षक स्वप्निल जैन को संयोजक नियुक्त किया गया है। जिलास्तर पर गठित की गई इस समिति कोविड प्रबंधन में निजी अस्पतालों की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। साथ ही आ रही परेशानियों को समिति द्वारा दूर करने का कार्य किया जायेगा। वहीं यह समिति जिले में अस्पतालों को ऑक्सीजन का वितरण, अस्पतालों में रेमडेसिविर इंजेक्शन तथा दवाओं का वितरण, अस्पतालों में आयुष्मान योजना के हितग्राहियों के इलाज की समीक्षा, अस्पतालों में कोविड-19 इलाज के लिये राज्य शासन द्वारा निर्धारित दरों का अनुपालन सुनिश्चित करने के सुझाव का दायित्व सौंपा गया है।

**किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश**



# गेहूं खरीदी केन्द्रों में पहुंचे एसडीएम



**कटनी।** जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य जारी है। निबार्द्ध रुप से उपार्जन का कार्य हो, इसकी मॉनीटरिंग अपने-अपने अनुविभागों पर एसडीएम द्वारा भी की जा रही है, इसी कड़ी में बुधवार को विलायतकला उपार्जन केन्द्र पहुंचकर एसडीएम बलबीर रमन ने उपार्जन के कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश अमले को दिये। वहीं विजयराघवगढ़ एसडीएम प्रिया चन्द्रावत भी खरीदी केन्द्र करेला और हदरहटा पहुंची, जहां उन्होंने किये जा रहे उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी उपार्जन कार्य में संलग्न अमले को दिये। बहोरीबंद तहसीलदार विजय द्विवेदी ने खरीदी केन्द्र हथियागढ़, वहीं नायब तहसीलदार रीठी राजेश पाण्डेय ने खरीदी केन्द्र बकलेहटा, नायब तहसीलदार विजयराघवगढ़ ने खरीदी केन्द्र विजयराघवगढ़, तहसीलदार ढीमरखेड़ा सुनीता मिश्रा ने खरीदी केन्द्र सिलौंड़ी, नायब तहसीलदार बाकल ऋषि गौतम ने सायलो बैग पटोरी का विजिट का उपार्जन कार्यों का जायजा लिया।




# 20 हजार से ज्यादा लोगों को आयुष दवा देने का दावा

## आप रहें निरोगी, इस कार्य में जुटे है आयुष योद्धा

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की इस विपदा में शासन और प्रशासन द्वारा मुस्तैदी से इसकी रोकथाम की दिशा में सार्थक कदम उठाये जा रहे हैं। शासकीय लोकसेवक तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इन्ही में शामिल हैं हमारे आयुष विभाग के वो योद्धा, जो आमजन में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आयुर्वेदिक और होम्योपैथी मेडिसिन के वितरण में जुटे हैं। जिले में 50 से अधिक आयुष योद्धाओं द्वारा सतत् रुप से रोग प्रतिरोधक औषधि का वितरण किया जा रहा है। आज तक की स्थिति में एक अप्रैल से लेकर 20 हजार 921 लाभार्थियों को आयुष दवाओं का वितरण विभागीय अमले द्वारा किया जा चुका है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि प्रारंभिक रुप से कोविड-19 पॉजीटिव पेशेन्ट्स, उनके परिजन और पॉजीटिव पेशेन्ट्स के आस-पास के घरों में जाकर टीम के द्वारा आयुष औषधि वितरित की जा रही है। वहीं शासकीय कार्यालयों में भी कोरोना से इस लड़ाई में जीवटता के साथ जुटे लोकसेवकों को भी इन औषधियों का वितरण किया जा रहा है। जिले में स्थापित किये गये कोविड केयर सेन्टर्स में भी आयुष काढ़े को तैयार करके उपचाररत् मरीजों को दिया जा रहा है। आयुष विभाग के द्वारा योग से निरोग कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग के समन्वय से वर्चुअल माध्यम से होम आईसोलेशन में रहने वाले कोविड पॉजीटिव मरीजों को योग कराया जा रहा है। उन्हें विशेष रुप से योग के उन आसनों के विषय में जानकारी दी जा रही है, जो इस समय उनके लिये जरुरी है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि आयुष विभाग के माध्यम से 1 अप्रैल से 4 मई तक कुल 20 हजार 921 लाभार्थियों को आयुष औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया है। जिसमें शहरी क्षेत्र अंतर्गत 585 नागरिकों को आयुर्वेदिक और 2547 नागरिकों को होम्योपैथी औषधि उपलब्ध कराई गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 2912 नागरिकों को आयुर्वेदिक एवं 14 हजार 877 को होम्योपैथी दवाओं का वितरण रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वितरण किया गया है। जिले में बाहर से आये श्रमिकों में 75 लोगों को भी इन दवाओं का वितरण आयुष विभाग द्वारा किया गया है। 4 मई को जिले में 1578 नागरिकों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी औषधियां वितरित कराई गई हैं। जिसमें 185 लोगों को 1.050 किलोग्राम चिकटु चूर्ण एवं 0.950 किलोग्राम संशमनी वटी का वितरण विभागीय अमले द्वारा किया गया है। इसी प्रकार 1393 व्यक्तियों को 280 ड्रम आर्सेनिक एल्बम 30 होम्योपैथी दवा भी वितरित की गई है। आयुष विभाग द्वारा यह आयुष औषधियां 5 से 10 दिवसों के लिये प्रति व्यक्ति उपलब्ध कराई जा रही हैं।





# दुकानों में ताला, कैसे मिले गरीबों को राशन

## पार्षद ने पत्र लिखकर की 3 माह का नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित करने की मांग




**कटनी।** निवर्तमान पार्षद मनोज गुप्ता ने बताया कि विगत एक माह से कोरोना के संकट के कारण लोग अपने घरों पर है, जिनकी आजीविका का कोई साधन नहीं होने से उन्हें अपने परिवार का भरणपोषण करने में अत्यंत असुविधा हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर शासन द्वारा 3 माह का निःशुल्क खाद्यान्न वितरण न किये जाने से उनको भोजन व्यवस्था के लिए भी एक दूसरे से सहायता लेने के लिए विवश होना पड़ रहा है। जिले की समस्त राशन दुकानों में ताला लटका हुआ है गरीब व्यक्ति राशन दुकान संचालक को मोबाइल पर सम्पर्क कर और दुकान के चक्कर काटकर परेशान हो रहा है। सत्ताधारी दल के प्रदेश अध्यक्ष व्ही डी शर्मा के स्थानीय सांसद होने के बावजूद गरीबों के हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है वही दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक, निवर्तमान महापौर व सत्ताधारी दल के निवर्तमान पार्षदों की चुप्पी भी सोच से परे है। कांग्रेस पार्षद ने मांग की है कि 3 दिवस के भीतर प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को 3 माह का निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाए और संबल योजनाए पथ विक्रेता योजना सहित अन्य योजना में पात्र हितग्राहियों सहित जरूरतमंद एपीएल कार्ड धारक को भी कोरोना वार्ड समिति की अनुशंसा पर निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कराया जाए। उन्होंने मांग की है कि जान जोखिम में डालकर खाद्यान्न वितरण करने वाले राशन दुकान के संचालकों को भी कोरोना वारियर योजना का लाभ दिया जाए और कोरोना में गरीब व्यक्ति के संकट को देखते हुए पूर्व की भांति गेंहू, दाल, चावल और शक्कर का भी वितरण किया जाए। 3 दिवस के भीतर उपरोक्त मांग पर कार्यवाही करते हुए राशन दुकानों से खाद्यान्न वितरण प्रारंभ ना किया गया तो गरीबों के हितों में युवा कांग्रेस व कांग्रेस के निवर्तमान पार्षद सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

# दो दिनों में जिले में पहुंची 15.66 टन लिक्विड ऑक्सीजन

**कटनी।** कोरोना विपदा की इस घड़ी में उपचाररत मरीजों के लिये राज्य सरकार द्वारा सतत रुप से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की देर रात 8.160 टन लिक्विड ऑक्सीजन टैंकर्स के माध्यम से बजाज रिफलिंग सेंटर पहुंची। सहायक नोडल अधिकारी जितेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि बुधवार को भी टेंकर्स के माध्यम से 7.50 टन लिक्विड ऑक्सीजन जिले को प्राप्त हुई है, जो कि बजाज रिफलिंग सेंटर पहुंच चुकी है। इस तरह दो दिनों में जिले को 15.66 टन लिक्विड ऑक्सीजन में आई है।

## कोरोना योद्धा घोषित करने सांसद ने सीएम को लिखा पत्र

**कटनी।** संसदीय क्षेत्र शहडोल से सांसद हिमाद्री सिंह ने जनसंपर्क विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को कोरोना योद्धा घोषित करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। इस पत्र में सांसद श्रीमती सिंह ने आग्रह करते हुये कहा है कि कोविड-19 महामारी में शासन के कार्यों व सूचनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं सकारात्मक माहौल बनाने में जनसंपर्क विभाग के सभी कर्मचारी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। पत्र में श्रीमती सिंह ने कहा है कि प्रशासन के साथ फील्ड में जाकर प्रत्यक्ष रुप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होने आग्रह करते हुये कहा है कि इस गंभीर समय में प्रशासन के सहयोग जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को कोरोना योद्धा घोषित करने के आदेश प्रसारित करने की कृपा करें।

# 3 शिफ्ट में 36 वॉरियर्स दे रहे सेवाएं

## हर रोज 60 से अधिक लोगों को वीडियो कॉल से डॉक्टर्स दे रहे हैं उचित परामर्श

**कटनी।** सही तथ्यपूर्ण जानकारी आपकी सेहत के लिये बेहद जरुरी है। कोरोना की विपदा के इस समय में जिला प्रशासन द्वारा जरुरतमंदों को सही परामर्श मिले, इसके लिये सार्थक प्रयास किये गये हैं। कलेक्ट्रेट में जिलास्तरीय कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है। जिसमें चौबीसों घंटे हमारे वॉरियर्स तथ्यपूर्ण जानकारी उपलबध कराने के लिये सक्रियता से जुटे हुये हैं। 8-8 घंटे की तीन शिफ्ट में काम कर रहे कंट्रोल रुम में प्रतिदिन 36 वॉरियर्स अपनी सेवायें देते हैं। प्रत्येक शिफ्ट में 8 ऑपरेटर्स, 2 डॉक्टर्स और एक काउंसलर उपलब्ध होते हैं। इस कार्य की मॉनीटरिंग प्राथमिकता पर हो, इसके लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने इसकी जवाबदेही सहायक कलेक्टर अंजलि रमेश को सौंपी है। वहीं नोडल ऑफीसर और महाप्रबंधक उद्योग अजय श्रीवास्तव एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह पूरी टीम के साथ मुस्तैदी से इस कार्य में जुटे हुये हैं। कोविड कमाण्ड कंट्रोल रुम में फोन नंबर 07622-220070, 220071, 220072, 220073, 220074 क्रियाशील किये गये हैं। जिनके माध्यम से कोविड पॉजीटिव पेशेन्ट्स का फॉलोअप लिया जाता है। वहीं सेन्ट्रल कंट्रोल रुम नंबर 1075 से डायवर्ट होकर आने वाली कॉल्स को भी रिस्पॉन्स किया जाता है।



### अब तक 4 हजार से अधिक कॉल्स आए

जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 130-150 उन कॉल्स को कंट्रोल रुम द्वारा विधिवत रिस्पॉन्स दिया गया है, जो कि सेन्ट्रल कंट्रोल रुम 1075 से डायवर्ट होकर आती है। इस तरह से अब तक 4 हजार से अधिक कॉल्स को संतोषप्रद रुप से अटेण्ड कर संबंधितों को जानकारी व अन्य सहायता उपलब्ध कराई गई है। महाप्रबंधक उद्योग ने बताया कि कंट्रोल रुम के माध्यम से प्रतिदिन कोविड-19 पॉजीटिव पेशेन्ट्स से रेण्डमली 60-75 वीडियो कॉल्स के माध्यम से डॉक्टर्स द्वारा चर्चा की जाती है और उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया जाता है। इसी तरह अन्य पेशेन्ट्स जोकि पोर्टल पर अपडेट हैं, उनका फॉलोअप वॉईस कॉलिंग के माध्यम से कोविड कमाण्ड कंट्रोल रुम की टीम करती है। वीडियो कॉल के लिये मोबाईल फोन भी कंट्रोल रुम में उपलब्ध हैं। कोरोना वन सेवा भी जिला प्रशासन द्वारा अभी प्रारंभ की गई है। जिसके लिये दो डेडीकेटेड लैण्डलाईन नंबर अलॉट किये गये हैं। यह नंबर 07622-220070, 07622-220072 हैं। जिनके माध्यम से टैलीमेडिसिन सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इन नंबर्स पर आने वाले कॉल्स पर कोविड-19 संबंधी चिकित्सीय परामर्श संबंधितों को डॉक्टर्स के द्वारा दिया जाता है। यह सेवा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक के लिये प्रारंभ की गई है।



### कोविड सैम्पलिंग के लिए तैयार हो रही सूची

कोविड कमाण्ड कंट्रोल रुम द्वारा कोविड सैम्पलिंग के लिये आने वाले ऑनलाईन फॉर्म्स की सूची भी तैयार की जाती है। इसके आधार पर संबंधितों को एसएमएस अलर्ट भी भेजे जा रहे हैं। पूर्व में कॉलिंग के माध्यम से सैम्पलिंग के लिये टाईम स्लॉट्स की जानकारी दी जाती थी। मेडिसिन उपलब्ध कराने संबंधी कॉल्स को तुरंत ही संबंधित आरआर टीम को भी कंट्रोल रुम के द्वारा फॉरवर्ड किया जाता है। वहीं चिकित्सीय सुविधा के लिये संबंधित अस्पतालों के डॉक्टर्स एवं चिकित्सा अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर

सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत

www.yashbharat.com

https://www.facebook.com/yashbharatnews/

YASHBHARAT-Epaper

# वैक्सीनेशन में रुचि नहीं ले रहे ग्रामीण

### अफवाहों से सेंटर में पड़ा बुरा असर

**बरही।** वैक्सीनेशन की जो तेज रफ्तार एक सप्ताह पूर्व थी, उस रफ्तार में अब बुरा असर देखने को मिल रहा है। बरही के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल को वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया है, जहां सोमवार में महज 13 लोगों ने वैक्सीन की डोज लगवाई, तो वहीं बुधवार को यह आंकड़ा आधा दर्जन में ही सिमट गया। आखिर इसके पीछे की वजह क्या है कि अचानक लोगों का मोह वैक्सीन लगवाने में भंग क्यों हो रहा है। दरअसल कुछ दिनों से उड़ी अफवाह की वैक्सीन लगवाने के बाद लोग मर रहे है, जिसका असर ग्रामीणों पर पड़ा है और अफवाह के चलते वैक्सीन लगवाने में ग्रामीण डर रहे है। बरही के वैक्सीनेसन सेंटर में 5 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है, जो सुबह से शाम तक लोगों के इंतजार में बैठे रहते है। इधर बुधवार की दोपहर एसडीएम प्रिया चंद्रावत ने बरही के वैक्सिनेशन सेंटर का निरीक्षण करते हुए हो रहे कम वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली।





## सामाजिक कार्यकर्ता ने वैक्सीनेशन के प्रति किया जागरूक



**कटनी।** टीकाकरण को लेकर शहर में उड़ रही अफवाह के बीच लोगों में डर का माहौल भी देखा जा रहा है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इन खबरों का खंडन करते हुए कहा है कि कोरोना वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और सभी को वैक्सीन लगवाना चाहिए। टीकाकरण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए अब सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भी सहयोग दिया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती प्रीति सेन ने कल शहर से लगे निमिया मोहल्ला क्षेत्र में पहुंचकर यहां सब्जी के खेत में काम कर रही महिलाओं से बात करते हुए उन्हें टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। श्रीमती प्रीति सेन ने महिलाओं से वैक्सीन लगवाने के लिए कहा तो महिलाओं का कहना है कि वैक्सीन लगवाने के बाद लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। जिस पर उनके द्वारा कहा गया है कि यह सब अफवाह है। वैक्सीनेशन से कोई नुकसान नहीं होता है। उनके द्वारा सभी को समझाकर वेक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए सभी को मास्क लगाकर काम करने की सलाह दी।

### 1017 लाभार्थियों को लगाई गई कोविड-19 वैक्सीन

**कटनी।** बुधवार को जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी जिले में 5 मई को कुल 1017 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 122 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 445 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 20 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 290 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है। वहीं 8 हेल्थकेयर वर्कर को फर्स्ट डोज तथा 10 हेल्थकेयर वर्कर्स को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 17 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 6 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है। 18 वर्ष 44 वर्ष आयुवर्ग के 99 लाभार्थियों का कोविड-19 वेक्सीनेशन भी बुधवार को किया गया है।

### आज 13 केन्द्रों पर वेक्सीनेशन

**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 01 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। 45 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति टीकाकरण करवा सकता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 6 मई को जिले में 13 स्थानों पर में कोविड-19 वेक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। कटनी शहरी क्षेत्र के अंतर्गत निर्धारित किये गये वेक्सीनेशन सेन्टर में पुरानी कचहरी परिसर, अर्बन पीएचसी प्रेमनगर, अर्बन पीएचसी लखेरा, रेल्वे हॉस्पिटल एनकेजे और एसीसी हॉस्पिटल में वेक्सीनेशन किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत बड़वारा सीएचसी, बहोरीबंद सीएचसी, ढीमरखेड़ा सीएचसी, सीएचसी पहाड़ी, पीएचसी कन्हवारा, सीएससी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया जायेगा।



## बरही में 10 व्यापारियों से वसूला 18 हजार जुर्माना

### कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन व्यापारियों को पड़ा महंगा

**बरही।** कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करना व्यापारियों को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब बरही थाना में पदस्थ दरोगा किशोर द्विवेदी ने मोर्चा संभालते हुए बुधवार की सुबह 10 बजे से सर्चिंग ऑपरेशन प्रारम्भ किया तो एक के बाद 10 व्यापारी दुकान का संचालन करते पाए गए। पकड़े गए सभी व्यापारियों को थाना की सैर कराई गई, जिन्हें 5 घण्टे तक थाना में बैठाया गया और बाद में टीआई संदीप अयाची ने कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने पर 10 व्यापारियों से 18 हजार रुपए का जुर्माना वसूल करने के बाद व्यापारियों को छोड़ा गया। व्यापारियों को दोहरी मार झेलनी पड़ी। पहले 5 घण्टे तक थाने में बैठकर जलील होना पड़ा और जुर्माना भी देना पड़ा।

## जेसीबी से खोद रहे थे मिट्टी

### पुलिस की दबिश, मशीन जब्त, मालिक पर मामला दर्ज

**बरही।** कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए जेसीवी मशीन से मिट्टी का उत्खनन हो रहा थाए शिकायत पर पहुँची पुलिस ने काम रुकवाते



हुए जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए जेसीबी मशीन से अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन करते पाए जाने पर जेसीबी जब्त करते हुए जेसीबी के मालिक संदीप शर्मा के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्यवाई की गई है।



## फेस मास्क हम लगाएंगे कोरोना को हराएंगे

### विजयराघवगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया जागरूक

**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़। तहसील क्षेत्र के नगरों एवं ग्रामों में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार बढ़ने के कारण प्रशासन द्वारा सख्त निर्देशन के तहत एक और जहां नगर प्रशासन के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर के निर्देशन में प्रत्येक वार्डों में घर-घर जाकर नागरिकों को गीतों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, तो वहीं नेहरू युवा केंद्र केंद्र तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी के निर्देशन में लगातार कोरोना वायरस 19 के बढ़ते संक्रमण को शासन-प्रशासन के निर्देशन में जागरूकता अभियान के तहत महक बड़गैया, आदित्य दुबे, ग्राम पंचायत सचिवों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वॉल पेंटिंग के साथ व्यक्तियों से संपर्क कर घर में रहे सुरक्षित रहे। फेस मास्क  हम लगाएंगे, कोरोना को हराएंगे। कोरोना वायरस के कहर से बचें, घर में सुरक्षित रहें। डर से बड़ा कोई वायरस नहीं, हिम्मत से बड़ी कोई वैक्सीन नहीं का नारा दीवारों पर लिखकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## गंदगी से अटी पड़ी नालियां नहीं हो रही सफाई

### बाबा नारायणशाह वार्ड में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा



**कटनी।** माधवनगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-39 बाबा नारायणशाह वार्ड नगर निगम के उपकार्यालय के पीछे नालियां गंदी से अटी पड़ी हुई है। नालियों के बाहर कचरा ओर मलबा बहुत दिनों से रखा हुआ है लेकिन अब तक उठाने वाला नहीं आया। जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल बदबूदार हो गया है। सड़कों पर झाड़ू भी नहीं लग रही है। नालियों में दवाईयों का छिड़काव नहीं हो रहा है। इस पूरे क्षेत्र में सूकरों का भी आतंक है, जिससे छोटे-छोटे बच्चों में स्वाइन फ्लू फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है। वर्तमान में नगर निगम का उपकार्यालय बनाए गए माधव नगर के पीछे के हॉल है, तो बाकी वार्डों की क्या हालत होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सफाई कर्मचारी मुख्य सड़कों की सफाई करवाकर खाना पूर्ति कर रहे है। बाकी वार्डों के अंदर के हाल बेहाल है। क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम कमिश्नर से निवेदन किया है कि वे खुद सर्वेकर वार्ड के हालत देखें तो वार्डवसियों को कुछ राहत मिले।

## संक्रमण की रोकथाम के लिए हो रहे प्रयास

### शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में चलाया अभियान



**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड सांई मंदिर के पीछे, शिवनगर बस्ती, बालाजी नगर, राजीव गांधी वार्ड, जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती क्षेत्र ,वीर सावरकर वार्ड,बी,डी अग्रवाल वार्ड गणेश चौक एवं अन्य स्थलों, गोपाल नगर फेस 1, राम जानकी हनुमान वार्ड, आर.ओ.एच शैड, एनकेजे, दुबे कॉलोनी, रोशन नगर चर्च के पास, ग्रामीण बैंक दुर्गा चौक आदि स्थलों में सैनेटाईजेशन का कार्य किया गया। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नगर के विभिन्न स्थलों दिव्यांचल कोविड केयर सेंटर, सायना कोविड केयर सेंटर, सेवा भारती कोविड केयर सेंटर, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, पुराना न्यायालय परिसर, चौपाटी स्थित दीनदयाल रसोई, पी.डव्ल्यू डी कॉलोनी, बालक छात्रावास राय कॉलोनी, मुड़वारा स्टेशन, मेन स्टेशन, दुर्गा चौक चैक पोस्ट, कुठला थाना दुबे के घर के पास पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, शांति नगर, झिझरी पुलिस चौकी,  आदर्श वाटिका के पास लखेरा, कावस जी वार्ड मुक्तिधाम, झिझरी मुक्तिधाम परिसर एवं कॉलोनी क्षेत्र, सांईपुरम कॉलोनी शुभ हाईट, नेंनसी स्कूल के पास, राजू गुप्ता जी के घर के पास सहित नगर के अन्य स्थलों तथा मिस्ट गन मशीन के द्वारा मुख्य बाजार क्षेत्र सहित सावरकर वार्ड संतनगर क्षेत्र, गोकुलधाम कॉलोनी आदि स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिड़काव कराया गया।

## हितग्राहियों को राशन वितरण की एसडीएम कर रहे मॉनीटरिंग

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत सार्वजानिक वितरण प्रणाली में पात्र हितग्राही अन्त्योदय राशन कार्ड एवं प्राथमिक परिवार को माह अप्रैल, मई एवं जून 21 में एकमुश्त राशन नि:शुल्क प्रदाय किया जायेगा। जिससे प्रत्येक उपभोक्ता को 5 किलो खाद्यान गेंहू और चावल प्राप्त करने की पात्रता होगी। इस कार्य की मॉनीटरिंग के लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी है, जिसके मद्देनजर बुधवार को विजयराघवगढ़ एसडीएम प्रिया चन्द्रावत ने अपने अनुविभाग क्षेत्र अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों का विजिट किया। जहां उन्होने आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अमले को दिये। गौरतलब है कि योजनाओं के तहत जिन उपभोक्ताओं द्वारा सशुल्क माह अप्रैल या मई या दोनों माह का राशन प्राप्त कर लिया गया हो, ऐसे उपभोक्ता माह जुलाई 21 एवं अगस्त 21 में नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने के पात्र होंगे। इस प्रकार 3 माह अप्रैल, मई, जून का खाद्यान उपभोक्ताओं को नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना卐 के तहत माह मई एवं जून में उक्त पात्र हितग्राहियों को दो माह मई तथा जून का नि:शुल्क 5 किलो प्रति सदस्य के मान से गेहूं वितरण किया जायेगा। इस प्रकार उक्त दोनों योजना में 25 किलो खाद्यान प्रत्येक सदस्य नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।

## साहसी युवाओं द्वारा किया जा रहा शवों का अंतिम संस्कार

**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ तहसील के अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र में भी कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की मृत्यु संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसमें प्रशासन के निर्देशन में उनके परिजनों द्वारा शवों को उन्हें न सौंपे जाने के कारण अंतिम संस्कार नगर परिषद प्रशासन के जांबाज कर्मचारियों द्वारा कराया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशन में विजयराघवगढ़ के साहसी कर्मचारी शेख राजू, सुरेंद्र शर्मा के साथ सफाई दरोगा नवीन कुमार की टीम द्वारा मुक्तिधाम में पहुंचकर कोरोना से संक्रमित होने पर मृत्यु के उपरांत कारीतलाई विजयराघवगढ़ एवं कैमोर पहुंच कर तीन शवों का अंतिम संस्कार किया गया।



## मंडियों में प्रोटोकॉल का पालन कराने पहुंचे अधिकारी





**कटनी।** जिला प्रशासन के निर्देशों के परिपालन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में लॉकडाउन अवधि में नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से नगर के चिन्हित सब्जी मंडी स्थलों से प्रातः 10 बजे तक कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन कराते हुए सब्जी का थोक एवं फुटकर व्यवसाय कराया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि बुधवार को प्रातः ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी थोक मंडी स्थल पर निगम प्रशासन द्वारा प्रदाय की जानें वाली व्यवस्थाओं को पूर्ण कराते हुए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु व्यवसाईयों को चेहरे पर मास्क पहनने एवं आपस में दो गज की दूरी का पालन करानें की कार्यवाही की गई।

नगर के अन्य स्थलों फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय के सामने एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मैदान में सब्जी व्यवसाय को सुव्यवस्थित एवं संक्रमण मुक्त तरीके से संचालित किये जाने हेतु 10-10 फुट की दूरी में सब्जी व्यवसाईयों के ठेले लगवाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करानें की कार्यवाही की जाकर निर्धारित समय प्रातः दुकानों को बंद करवाया गया। निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा निरंतर नगर भ्रमण कर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में अनाधिकृत रूप से बैठकर सब्जी फल व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों पर कार्यवाही की जाकर संक्रमण से बचाव एवं नागरिकों की सुविधा हेतु प्रातः 10 बजे तक ठेलों में सामग्री रखकर विभिन्न स्थलों में भ्रमण कर व्यवसाय करनें की हिदायत दी जा रही है।

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति

सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो  व्यक्ति

पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)

मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

**शहर में उत्साह तो ग्रामीण क्षेत्रों में लोग नहीं दिखा रहे जागरूकता**

# अब जिले में धीमी पड़ी वैक्सीनेशन की रफ्तार

## अफवाहों से लोगों में दहशत, स्वास्थ्य विभाग ने कहा-वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, हर कोई लगवाए टीका

**यश भारत पड़ताल**

**कटनी।** कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद अब जिले में वैक्सीनेशन की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिख रही है। पहले जहां टीका लगवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही थी, तो वहीं अब स्टाक होने के बाद भी कम ही लोग वैक्सीन लगवाने के लिए आ रहे हैं। शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीनेशन के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान राज्य सरकार द्वारा वैक्सीनेशन के लिए लोगों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है, लेकिन जिले में आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में कम संख्या में ही लोग टीका लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। वैक्सीनेशन को लेकर उड़ रही अफवाहों से लोग दहशत में देखे जा रहे हैं। टीका लगवाने के बाद भी लोगों का पॉजीटिव होना इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है। जिला चिकित्सालय की कई नर्सिंग स्टाफ के पॉजीटिव होने स्वास्थ्य विभाग में भी चिंता देखी जा रही है, हालांकि जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने इन खबरों को निराधार बताते हुए कहा कि वैक्सीन लगवाने से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। यह केवल अफवाह है। कुछेक केसों में यह देखने में आया है कि वैक्सीन लगवाने के बाद लोगों की तबियत खराब हुई है, लेकिन तबियत खराब होने के कई कारण हो सकते हैं। डॉ. सिंघई ने यह भी कहा कि जिले में वैक्सीन का पर्याप्त स्टाक है। शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों में वैक्सीनेशन की रफ्तार कुछ धीमी हुई है। इसको लेकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। वालिंटियर्स की भी टीम ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने की दिशा में काम कर रही है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार के निर्देश पर जिले में 16 जनवरी से वैक्सीनेशन शुरू हुआ था। प्रथम चरण में केवल गर्वनमेंट एवं प्राईवेट हेल्थ केयर वर्करों और फ्रंट लाइन कोरोरा वारियर्स को टीका लगाया जा रहा था, इसके बाद केन्द्र सरकार ने इसे आगे बढ़ाते हुए 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का वैक्सीनेशन शुरू किया। बुजुर्गों का टीकाकरण शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचकर अपना वैक्सीनेशन करवाया, इसके बाद विगत एक अप्रैल से सरकार ने 45 वर्ष से 59 वर्ष तक के लोगों का वैक्सीनेशन शुरू किया, इसी दौरान पूरे देश के साथ ही कटनी जिले में भी कोरोना संक्रमण बढ़ गया। हर दिन बड़ी संख्या में पॉजीटिव केस मिलने लगे। स्वास्थ्य विभाग एक तरफ वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने में लगा हुआ था, तो वहीं दूसरी तरफ कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए भी प्रयास किए जा रहे थे। अब जब संक्रमण की रफ्तार पर काफी हद तक ब्रेक लगा हुआ है तो वैक्सीनेशन की रफ्तार मंद होती जा रही है। जानकारी के मुताबिक पिछले 10 दिनों में दो बारह ही 90 प्रतिशत के ऊपर वैक्सीनेशन हो पाया है।



### पिछले 10 दिनों में वैक्सीनेशन पर एक नजर

| तारीख | कोटा | वैक्सीनेशन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 26 अप्रैल | 2140 | 714 | 33.4 |
| 27 अप्रैल | 320 | 220 | 68.8 |
| 28 अप्रैल | 1510 | 719 | 47.6 |
| 29 अप्रैल | 70 | 69 | 98.6 |
| 30 अप्रैल | 50 | 50 | 100 |
| 01 मई | 1180 | 479 | 40.6 |
| 02 मई | 360 | 199 | 55.3 |
| 03 मई | 2100 | 753 | 35.9 |
| 04 मई | 760 | 408 | 53.7 |
| 05 मई | 2210 | 1017 | 46.00 |

### इनका कहना है

यह बात सही है कि पिछले कुछ दिनों से वैक्सीनेशन की रफ्तार कुछ कम हुई है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग के पास वैक्सीन का पर्याप्त स्टाक है। वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। विभाग के साथ ही वालिंटियर्स भी अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। वैक्सीन लगवाने के बाद नर्सिंग स्टाफ के पॉजीटिव होने पर उनका सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजा जाएगा। वैक्सीनेशन के लिए सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही काम किया जा रहा है। अब जिले में 18 प्लस का भी वैक्सीनेशन शुरू किया गया है।

**-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**

**841 सेम्पल की रिपोर्ट में 173 लोग संक्रमित**

# जिले में हर दिन मिल रहे 20 प्रतिशत नए कोरोना पॉजीटिव केस

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की दर 20 प्रतिशत पर आकर रूक गई है। हर दिन इसी हिसाब से पॉजीटिव केस मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब हर दिन 700 से 800 लोगों की सेम्पलिंग की जा रही है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से निर्धारित कोविड जांच केन्द्रों में लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। शहर में जहां जैन स्कूल में रेपिड एंटीजन किट के माध्यम से जांच की जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के सेम्पल लेकर जांच के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजे जा रहे हैं। मई का महीना शुरू होने के बाद संक्रमण की रफ्तार में कुछ कमी देखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कटनी जिले में पिछले 24 घंटे में 841 सेम्पल की रिपोर्ट में 173 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। जिसमे रेपिड एंटीजन किट से की गई जांच में 338 सेम्पल की रिपोर्ट में 85 और मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 503 सेम्पल की रिपोर्ट में 88 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 7 हजार 982 हो गई है। 4 मई को 467 और 5 मई को 427 सेम्पल जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजे गए हैं।

# पति की प्रताड़ना से परेशान होकर पत्नी ने की थी आत्महत्या

## मर्ग जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कटनी।** दहेज की मांग को लेकर पति द्वारा दी जा रही मानसिक और शरीरिक प्रताड़ना से तंग आकर 23 साल की नव विवाहिता ने जहर खाकर अपनी जान दी थी। यह खुलासा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला द्वारा की गई जांच में किया गया है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला कटनी जिले के बरही थाना अंतर्गत क्षेत्र का बताया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि बरही थाना अंतर्गत कुठिया मोहगवा गांव में 16 अप्रैल की दरम्यानी रात वंदना चक्रवर्ती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की गई। मामले की जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और कथनों के आधार पर पुलिस को पता चला कि विवाहिता को उसके पति द्वारा दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शरीरिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे तंग आकर उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने महिला के पति मुकेश चक्रवर्ती को आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# घोड़े की लात से वृद्ध घायल

## मालिक पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में एक घोड़े द्वारा एक बुजुर्ग को लात मार दी गई। जिसके कारण बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गए। बुजुर्ग द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई। जिसके आधार पर पुलिस ने घोड़े के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रकरण की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना अंतर्गत बिचुआ गांव निवासी 82 वर्षीय फदाली पिता परम पटैल को गांव में ही रहने वाले महेश गुप्ता के पालतु घोड़े ने लात मार दी। जिसके कारण वह घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि महेश गुप्ता द्वारा अपने पालतू घोड़े को लापरवाही पूर्वक सड़क पर छोड़ देने से यह घटना घटित हुई। पीड़ित फदाली पटैल की शिकायत पर पुलिस ने महेश गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



# लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर वसूला 8 लाख रूपए जुर्माना

## अब तक 8 हजार लोगों पर हुई चालानी कार्रवाई

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिए लगाए गए जनता कर्फ्यू का पालन नहीं करने पर लगभग 8 हजार लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया है। पुलिस की मानें तो लगभग 8 लाख रुपए का जुर्माने की राशि वसूल की गई है। साथ ही ऐसे लोग जो संक्रमण काल में बगैर मास्क लगाए शहर में घूम रहे हैं उनके खिलाफ वाहन जप्ती की कार्रवाई करने के साथ ही उनके लायसेंस निरस्त करने के लिए परिवहन विभाग से पत्राचार किया गया है। जिसके बाद परिवहन विभाग द्वारा नोटिस भी जारी कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जिले में कोरोना कर्फ्यू प्रभावी है। लोग कोरोना कर्फ्यू में बनाए गए नियमों का पालन भी कर रहे हैं। जो लोग बाहर निकल रहे हैं वे आवश्यक कार्यों से ही बाहर निकल रहे है। जो लोग बेहवज शहर की सड़कों पर घूम रहे हैं उनके खिलाफपुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शहर के अंदर कई स्थानों पर पुलिस जांच नाके बनाए गए हैं। जहां पर आने-जाने वाले वाहन चालकों से उनके घरों के बाहर आने की जानकारी पुलिस बल द्वारा ली जाती है। जिनके पास घरों से बाहर निकलने का पर्याप्त आधार के साथ-साथ साक्ष्य होता है उन्हें जाने दिया जाता है लेकिन जो लोग बगैर किसी कारण से शहर में घूमने के लिए निकल रहे हैं उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई से लेकर वाहन जप्ती की कार्रवाई और जेल वाहन में बैठाए जाने तक की कार्रवाई की जाती है। पुलिस द्वारा जनता से अपील की गई है कि वे बेवजह घरों से बाहर नहीं निकले, जनता कर्फ्यू का पालन करें।





# जिले में बना प्रदेश का दूसरा ऑटोमेटिक वैदर स्टेशन

## पिपरौध कृषि विज्ञान केन्द्र में पांच दिनों में हुआ तैयार

**किसानों व जिलेवासियों को पल-पल मिलेगी मौसम की जानकारी**

**भारत मौसम विज्ञान नई दिल्ली की पहल**

**कटनी। जिले के किसानों व लोगों के लिए बड़ी खुश खबर है। कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौंध में पांच दिनों में 8 लाख रुपये की लागत से ऑटोमेटिक वैदर स्टेशन तैयार किया गया है। यह स्टेशन 27 अप्रैल से चालू हो गया है और मेघदूत एप पर मौसम संबंधी जानकारी मिलना शुरू हो गई है। अब हर आधा घंटे के अंतराल में मौसम संबंधी सभी डेटा प्राप्त हो सकेंगे।**

बता दें कि भारत मौसम विज्ञान नई दिल्ली के द्वारा यह स्टेशन लगाया गया है। इसकी मॉनीटरिंग कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौंध में पदस्थ कृषि मौसम वैज्ञानिक संदीप चंद्रवंशी के द्वारा की जा रही है। इस स्टेशन के लग जाने से कृषक अब मौसम का सटीक विश्लेषण कर पाएंगे। किसानों को इससे न सिर्फ पूर्वानुमान की जानकारी होगी बल्कि क्षेत्रवार औसत आंड़े मिलते थे लेकिन अब सटीक आंकड़े मिल सकेंगें। किसान अब मौसम आधारित न सिर्फ खेती कर सकते हैं बल्कि उपज भी बचा सकते हैं। उमरियापान, बिलहरी जैसे क्षेत्र में पान की खेती करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित होगा। पान कृषकों को तापमान की जानकारी मिलने से अपनी फसल को सहेज सकेंगे। सब्जी उत्पादक किसानों के लिए विशेष फायदा होगा और वे सिंचाई आदि की शेड्यूलिंग कर पाएंगे।



### पल-पल अपडेट होगी मौसम की जानकारी

संदीप चंद्रवंशी ने बताया कि ऑटोमेटिक वैदर स्टेशन से अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान, अधिकतम आद्रता, न्यूनतम आद्रता, रैनफॉल (बारिश की जानकारी) साथ ही साथ किसानों के लिए मृदा में नमी की मात्रता 10 सेंटीमेंटर, 30 सेंटीमीटर, 70 सेंटीमीटर और 100 सेंटीमीटर पर मृदा में नमी की मात्रता और तापमान की जानकारी मिलने लगी है। एडब्ल्यूएस लगने से कटनी जिले में जीरों से लेकर पांच घंटे के लिए चेतावनी जारी होती है वह किसानों को मिल सकेगी।

### मोबाइल पर करना होगा मेघदूत एप अपलोड

मौसम के पल-अप के अपडेट के लिए किसानों व लोगों का अपने मोबाइल पर मेघदूत एप डाउनलोड करना पड़ेगा। इस एप के माध्य से कटनी जिले के किसानों को मध्यम अवधि का पूर्व अनुमान, अगले पांच दिन और पिछले पांच दिनों के मौसम की भी जानकारी मिल रही है। किसानों के लिए यह वरदान साबित होगी। पूर्वी मध्यप्रदेश में यह पहला एडब्ल्यूएस लगा हुआ है। छिंदवाड़ा से लेकर रीवा तक का पहला स्टेशन है। ऐसे पूर्वी मध्यप्रदेश के छह स्थानों पर व पश्चिमी क्षेत्र में 7 लगने हैं।

### इनका कहना है

कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौंध में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन मशीन चालू हो गई है। मशीन के जरिये अब किसानों को सटीक आंकड़े मेघदूत एप के माध्यम से मिल सकेंगे। यह किसानों के लिए बड़ा ही लाभदायक साबित होगा।

**-डॉ.ए के तोमर,** वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केंद्र प्रमुख
















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)